# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-I
(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. साहित्य इतिहास के प्रयोजन पर प्रकाश डालिए ।
2. हिन्दी साहित्य के इतिहास के काल विभाजन और नामकरण की विवेचना कीजिए ।
3. आदिकालीन साहित्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
4. रासो काव्य का अर्थ सुस्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं की विवेचना कीजिए ।
5. भक्ति आन्दोलन की चार शाखाओं का परिचय प्रस्तुत करते हुए उनके श्रेष्ठ कवियों की विशेषता पर प्रकाश डालिए ।
6. प्रेममार्गी शाखा के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
7. रामकथा की परम्परा का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
8. रीतिकाल के ऐतिहासिक एवं साहित्यिक पृष्ठभूमि की विवेचना कीजिए ।
9. रीतिसिद्ध कवि के रूप में बिहारी लाल का मूल्यांकन कीजिए ।
10. किन्हीं *दो* पर टिप्पणी लिखिए :–
    (क) अष्टछाप के कवि
    (ख) अपभ्रंश काव्य
    (ग) कबीरदास
    (घ) गार्सों द तासी

• • •

## EXAMINATION PROGRAMME-2022
## M.A. Hindi & Rural Development, Part-I

| Date | Papers | Time | Examination Centre |
|---|---|---|---|
| 11.10.2022 | Paper–I | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 12.10.2022 | Paper–II | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 14.10.2022 | Paper–III | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 15.10.2022 | Paper–IV | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 17.10.2022 | Paper–V | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 18.10.2022 | Paper–VI | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 20.10.2022 | Paper–VII | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 21.10.2022 | Paper–VIII | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-II
(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. विद्यापति भक्त कवि हैं अथवा श्रृंगारिक? इस कथन की विवेचना कीजिए ।
2. कबीर काव्य के भाव पक्ष पर प्रकाश डालिए ।
3. जायसी के नख–शिख वर्णन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
4. सूरदास के भ्रमरगीत की विशेषताओं का उद्‌घाटन कीजिए ।
5. तुलसी काव्य में चित्रित तत्कालीन समाज का विवेचन कीजिए ।
6. बिहारी का काव्य श्रृंगार भक्ति, नीति और प्रकृति का समन्वित कोष है–कथन की समीक्षा कीजिए।
7. घनानन्द की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए ।
8. हिन्दी वीरकाव्य में भूषण का स्थान निर्धारित कीजिए ।
9. मध्यकालीन कवियों के अवदान की सामाजिक उपयोगिता पर प्रकाश डालिए ।
10. निम्नलिखित काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :–

(क) पानी बीच मीन पियासी, मोहिं सुन सुन आवै हाँसी ।
घर में वस्तु नजर नहीं आवत बन बन फिरत उदासी ।
आतम ज्ञान बिना जग झूठा क्या मथुरा क्या काशी ।

(ख) अति सुधौ सनेह को मारग है जहाँ नेकुसयानक बाँक नहीं ।
तहाँ साचे चलै तजि आपनणै झझकै कपटी जे निसांक नहीं ।
घन आनन्द प्यारे सुजान सुनौ जहाँ एक तें दूसरो आंक नहीं ।
तुम कौन घौ पाटी पढ़े हो कहो, मनलेहु पै देहु छटांक नहीं ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

**एम॰ए॰ हिन्दी, पार्ट-I**

**पत्र-III**

(हिन्दी कथा–साहित्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

## *खण्ड–'क'*

1. प्रेमचंद की उपन्यास कला की विशेषता पर प्रकाश डालिए ।
2. 'सुनीता' उपन्यास के आधार पर जैनेन्द्र के जवीन–दर्शन पर प्रकाश डालिए ।
3. 'वाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास के कथ्य पर विचार कीजिए ।
4. ''मैला आँचल' में चित्रित राजनीतिक–सामाजिक स्थितियों पर प्रकाश डालिए ।
5. धनिया, श्रीकांत अथवा भट्टिनी में से किसी एक का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

## *खण्ड–'ख'*

6. 'कफन' कहानी की विशेषता पर प्रकाश डालिए ।
7. 'आकाशदीप' कहानी की कथा–वस्तु पर प्रकाश डालिए ।
8. कहानी कला की दृष्टि से 'जाह्नवी' कहानी का मूल्यांकन कीजिए ।
9. 'शरणागत' कहानी के वैशिष्ट्य का उद्घाटन कीजिए ।
10. 'हीरामन सचमुच हीरा है ।' इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

● ● ●

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-IV
(भाषा विज्ञान)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. भाषा विज्ञान की परिभाषा सहित इसके विभिन्न प्रकारों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
2. भाषा–विज्ञान का ज्ञान और विज्ञान की अन्य शाखाओं से क्या संबंध है, विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।
3. भाषा की उत्पत्ति संबंधी विभिन्न मतों की समीक्षा कीजिए ।
4. व्यंजनों की परिभाषा देते हुए उसके वर्गीकरण पर प्रकाश डालिए ।
5. शब्द की परिभाषा देते हुए उसके वर्गीकरण के आधार स्पष्ट कीजिए ।
6. रूप परिवर्त्तन की दिशाओं और कारणों पर प्रकाश डालिए ।
7. वाक्य के विभिन्न तत्त्वों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
8. अर्थ परिवर्त्तन की दिशाओं का आकलन कीजिए ।
9. संप्रेषण की विविध दिशाओं के आधुनिक रूप पर प्रकाश डालिए ।
10. शैली विज्ञान को परिभाषित करते हुए उसकी उत्पत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-V
(भारतीय काव्य शास्त्र)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. काव्य लक्षण संबंधी भारतीय मतों की समीक्षा कीजिए ।
2. काव्य प्रयोजन से क्या तात्पर्य है? तत्संबंधी विभिन्न मतों की समीक्षा कीजिए ।
3. भरतमुनि के रस सूत्र का उल्लेख करते हुए रस के अवयवों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
4. भट्टनायक के भोगवाद या भुक्तिवाद की समीक्षा कीजिए ।
5. अलंकार की विविध परिभाषाओं पर विचार करते हुए अलंकार के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।
6. 'रीति' काव्य की आत्मा है'— इस मत की विवेचना कीजिए ।
7. वक्रोक्ति सम्प्रदाय की स्थापनाओं की समीक्षा कीजिए ।
8. ध्वनि सिद्धान्त का परिचय देते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए ।
9. औचित्य सिद्धान्त के महत्व पर प्रकाश डालिए ।
10. निम्नलिखित अलंकारों का सोदाहरण परिचय दीजिए —
    श्लेष, वक्रोक्ति, संदेह, अनुप्रास ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VI
(हिन्दी से इतर भारतीय भाषाएँ)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. उपनिषद् को तात्पर्य स्पष्ट करते हुए उसके भेदों का परिचय दीजिए ।
2. वाल्मीकी रामायण के प्रतिपाद्य को अपने शब्दों में लिखिए ।
3. संस्कृत के महाकाव्यों का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
4. संस्कृत गीतिकाव्य–परम्परा का परिचय दीजिए ।
5. मलयालम कहानी साहित्य के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।
6. कन्नड़ के नाटक साहित्य के विकास की रूपरेखा स्पष्ट कीजिए ।
7. गुजराती साहित्य की ज्ञानमार्गी धारा का परिचय दीजिए ।
8. बंगला के प्रेमाख्यान काव्यों का परिचय दीजिए ।
9. शायर के रूप में मिर्जा गालिब़ के अवदान का मूल्यांकन कीजिए ।
10. किसी **दो** पर टिप्पणी लिखिएः–

    (क) तमिल साहित्य का अंधकार युग

    (ख) महाकवि कम्ब

    (ग) कालिदास

    (घ) रवीन्द्र नाथ ठाकुर

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VII
(प्रयोजनमूलक हिन्दी)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. प्रयोजनमूलक हिन्दी के विविध रूपों का विवेचन कीजिए ।
2. प्रयोजनमूलक हिन्दी के विकास और विस्तार का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।
3. अनुवाद करते समय किन विन्दुओं पर विशेष ध्यान देना होता है, स्पष्ट कीजिए ।
4. स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा को परिभाषित कीजिए ।
5. पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप एवं महत्त्व पर संक्षेप में प्रकाश डालिए ।
6. पल्लवन के मुख्य सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए ।
7. प्रारूपण से क्या समझते हैं ? इसकी आवश्यकता और उपयोगिता पर प्रकाश डालिए ।
8. जन संचार के माध्यम के रूप में समाचार पत्र की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।
9. 'सम्पादकीय टिप्पणी' और 'अग्रलेख' का अन्तर सुस्पष्ट करते हुए इसके महत्त्व का प्रतिपादन कीजिए ।
10. (क) निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय दीजिए :–

| | | |
|---|---|---|
| Ambassador, | Collectariate, | Clarification, |
| Democracy, | Examiner, | Inspector, |
| Magistrate, | Observer | |

(ख) निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी पर्याय दीजिए :–

| | | |
|---|---|---|
| कल्याण, | सूची, | श्रमिक, |
| विश्वासी, | स्थानान्तरण, | पर्यटन, |
| हस्तशिल्प, | निदेशक | |

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VIII
(हिन्दी आलोचक और आलोचना)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. इतिहास और आलोचना के संदर्भ में आचार्य शुक्ल की दृष्टि का विश्लेषण कीजिए ।
2. आचार्य शुक्ल के सहित्येतिहासिक काल विभाजन संबंधी मत की समीक्षा कीजिए ।
3. शुक्लोत्तर समीक्षा साहित्य में पं. नन्द दुलारे बाजपेयी का स्थान निर्धारित कीजिए ।
4. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की समीक्षा पद्धति की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
5. गुलाब राय की समीक्षा पद्धति समन्वयात्मक थी'—कथन की समीक्षा कीजिए ।
6. डॉ0 नगेन्द्र रस सिद्धान्त के आधुनिक व्याख्याता थे— कथन की समीक्षा कीजिए ।
7. रीतिकाल की शास्त्रीय व्याख्या करने में पं. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र के योगदान का मूल्यांकन कीजिए ।
8. डॉ0 राम विलास शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए ।
9. आचार्य नलिन विलोचन शर्मा की आलोचना की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
10. डॉ0 नामवर सिंह की काव्य समीक्षा संबंधी पद्धतियों पर प्रकाश डालिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-IX
## (भारतेन्दु एवं द्विवेदी युग)
**वार्षिक परीक्षा, 2022**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

### खण्ड 'क'

1. भारतेन्दु काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए ।
2. बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन' की काव्य प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए ।
3. हिन्दी उपन्यास के उदय की पृष्ठभूमि का विस्तार से उल्लेख कीजिए ।
4. भारतेन्दु के नाटकों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
5. आलोचना के क्षेत्र में बालकृष्णभट्ट के योगदान का उल्लेख कीजिए ।

### खण्ड 'ख'

6. द्विवेदीयुगीन काव्य की प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए ।
7. उपन्यास साहित्य में देवकीनंदन खत्री के अवदान का मूल्यांकन कीजिए ।
8. जयशंकर प्रसाद की कहानी कला का परिचय दीजिए ।
9. द्विवेदी युगीन नाट्य साहित्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
10. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :–
    (क) सरस्वती पत्रिका (ख) प्रताप नारायण मिश्र
    (ग) राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह (घ) कहानीकार सुदर्शन

• • •

## EXAMINATION PROGRAMME-2022
## M.A. History, Education, Hindi & Psychology, Part-II

| Date | Papers | Time | Examination Centre |
|---|---|---|---|
| 28.01.2023 | Paper–IX | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 30.01.2023 | Paper–X | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 01.02.2023 | Paper–XI | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 03.02.2023 | Paper–XII | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 07.02.2023 | Paper–XIII | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 09.02.2023 | Paper–XIV | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 11.02.2023 | Paper–XV | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 13.02.2023 | Paper–XVI | 2.30 PM to 5.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II

## पत्र-X

हिन्दी साहित्य का इतिहास

(आधुनिक काल : छायावाद से लेकर प्रगतिवाद तक)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. छायावाद के उद्‌भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।
2. छायावादी–काव्य की राष्ट्रीय और सांस्कृतिक धारा का परिचय प्रस्तुत कीजिए ।
3. प्रगतिवाद साहित्य को सोद्देश्य मानता है– कथन का परीक्षण कीजिए ।
4. जयशंकर प्रसाद की नाट्‌यकला पर प्रकाश डालिए ।
5. यशपाल के उपन्यासों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
6. हिन्दी कहानी साहित्य में जैनेन्द्र अथवा अज्ञेय के अवदान का मूल्यांकन कीजिए ।
7. शिवपूजन सहाय की निबन्ध–कला पर प्रकाश डालिए ।
8. छायावादी कवियों की आलोचनात्मक दृष्टि पर प्रकाश डालिए ।
9. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की आलोचना पद्धति पर प्रकाश डालिए ।
10. निम्नलिखित गद्य विधाओं में से किन्हीं दो का परिचय दीजिए ।

    (क) जीवनीमूलक साहित्य (ख) आत्मकथा

    (ग) रिपोतार्ज (ड) डायरी

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XI
(प्रयोगवाद और समकालीन साहित्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. प्रयोगवाद क्या है? उसके उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए ।
2. प्रयोगवाद के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए ।
3. प्रपद्यवाद क्या है? उसे नकेनवाद की संज्ञा क्यों दी जाती है, स्पष्ट कीजिए।
4. नयी कविता की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।
5. मोहन राकेश की नाट्य कला पर प्रकाश डालिए ।
6. अकविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।
7. हिन्दी उपन्यास के विकास में महिला रचनाकारों के योगदान पर प्रकाश डालिए ।
8. शुक्लोत्तर हिन्दी आलोचना की समीक्षा कीजिए ।
9. 'आत्मकथा' साहित्य के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।
10. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :–
    (क) जय शंकर प्रसाद
    (ख) महादेवी वर्मा
    (ग) तार सप्तक
    (घ) केदार नाथ सिंह

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XII
(नाटक और रंगमंच)

***वार्षिक परीक्षा, 2022***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. नाटक के स्वरूप और लक्षण को स्पष्ट कीजिए ।
2. रसयोजना के विचार से 'चन्द्रावली' नाटिका पर प्रकाश डालिए ।
3. नाट्यकला की दृष्टि से 'स्कन्दगुप्त' नाटक की समीक्षा कीजिए ।
4. 'स्कन्दगुप्त' अथवा विजया का चरित्र–चित्रण कीजिए ।
5. नाटककार मोहन राकेश का परिचय दीजिए ।
6. 'आषाढ़ का एक दिन' के वस्तु विन्यास पर प्रकाश डालिए ।
7. नाट्यकला की दृष्टि से 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की समीक्षा कीजिए ।
8. 'बकरी' नाटक के वस्तु–विधान पर विचार कीजिए ।
9. 'बकरी' नाटक की पात्र–योजना पर प्रकाश डालिए ।
10. निम्नलिखित में किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :
    (क) आधुनिक नाटक
    (ख) पारसी रंगमंच
    (ग) संकलन त्रय
    (घ) आषाढ़ का एक दिन का कालिदास

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XIII
(आधुनिक कथा साहित्य)
**वार्षिक परीक्षा, 2022**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

### खण्ड 'क'

1. 'राग दरबारी' की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।
2. 'राग दरबारी' में चित्रित व्यंग्य की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।
3. 'महाभोज' भारतीय राजनीति का यथार्थचित्र प्रस्तुत करता है, प्रकाश डालिए ।
4. बिंदा का चरित्र–चित्रण कीजिए ।
5. 'नीला चाँद' अमोघ इच्छा शक्ति का नाम है– कथन की पुष्टि कीजिए ।

### खण्ड 'ख'

6. 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।
7. कहानी कला की दृष्टि से 'वापसी' कहानी का मूल्यांकन कीजिए ।
8. रजुआ का चरित्र चित्रण कीजिए ।
9. 'गुल की बन्नो' कहानी की कथावस्तु पर प्रकाश लिखिए ।
10. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
    (क) अरे नरेन्द्र, बाबूजी की चारपाई कमरे से निकाल दे । उसमें चलने तक की जगह नहीं है।
    (ख) पर कभी उसने जबान लड़ाई तो खैर नहीं । हमारा हाथ बड़ा जालिम है ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XIV
### (निबन्ध तथा अन्य गद्य विधाएँ)
**वार्षिक परीक्षा, 2022**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. ललित निबन्ध की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
2. निबन्ध कला की दृष्टि से कुबेरनाथ राय के निर्वासन और 'नीलकंठी प्रिया' की समीक्षा कीजिए।
3. गद्य काव्य के विकास को रेखांकित करते हुए उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
4. गद्यकाव्यकार के रूप में रामकृष्ण दास का परिचय दीजिए ।
5. 'उनमन' तथा 'स्पंदन' गद्य काव्यों की समीक्षा कीजिए ।
6. यात्रा वृतान्त के स्वरूप एवं परम्परा पर प्रकाश डालिए ।
7. रेखाचित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
8. 'जंजीरे और दीवारें' की समीक्षा कीजिए ।
9. लघुकथा साहित्य के विकास पर **एक** संक्षिप्त लेख लिखिए ।
10. 'रेल की पटरियाँ' तथा 'दूब और बरगद' की समीक्षा कीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XV
## ( पाश्चात्य आलोचना और शैली विज्ञान )
**वार्षिक परीक्षा, 2022**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. 'कला अनुकरण का अनुकरण है' प्लेटो के इस कथन के औचित्य पर विचार कीजिए ।
2. अरस्तू द्वारा प्रतिपादित त्रासदी के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए ।
3. अरस्तू के विरेचन–सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए ।
4. लोंजाइनस के 'उदात्त' सम्बन्धी विचारों की समीक्षा कीजिए ।
5. होरेस के काव्य सम्बन्धी मतों की विवेचना कीजिए ।
6. आई० ए० रिचर्ड्स के सम्प्रेषण–सिद्धान्त का विश्लेषण कीजिए ।
7. काव्यशैली एवं काव्य–व्यवस्था के तहत इलियट के वस्तुगत समीकरण के औचित्य पर प्रकाश डालिए ।
8. परम्परा और वैयक्तिक प्रज्ञा के संदर्भ में परम्परा बोध का अर्थ सुस्पष्ट कीजिए ।
9. मनोविश्लेषण और साहित्यिक आलोचना पर एक समीक्षात्मक लेख प्रस्तुत कीजिए ।
10. शैली विज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XVI
### ( हिन्दी भाषा की संरचना )
**वार्षिक परीक्षा, 2022**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. भारोपीय भाषा परिवार की विशेषतओं पर प्रकाश डालिए ।
2. हिन्दी भाषा की उत्पत्ति और विकास को सुस्पष्ट कीजिए ।
3. हिन्दी की प्रमुख उपभाषाओं और बोलियों की विशेषताओं को सुस्पष्ट कीजिए ।
4. हिन्दी के स्वर और व्यंजन ध्वनियों की विशेषता पर प्रकाश डालिए ।
5. सम्बन्ध तत्त्व के प्रकारों पर प्रकाश डालिए ।
6. शब्द और पद के अन्तर को सुस्पष्ट कीजिए ।
7. वाक्य के स्वरूप की विवेचना कीजिए ।
8. भाषा और लिपि का सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए ।
9. देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए ।
10. टिप्पणी लिखिए :—
    (क) महाप्राण ध्वनियां
    (ख) बलाघात

• • •